CJAE – 4 (H)

कनिष्ट लेखा अधिकारी सामूहिक परीक्षा

सितम्बर, 2005

भारत का संविधान और वित्तीय नियंत्रण

(पुस्तकों के बिना)

समय : 3 घंटे *अधिकतम अंक : 150*

टिप्पणी: इस प्रश्न पत्र में **10** प्रश्न और **2** पृष्ठ हैं। **समूह 'क'** से किन्हीं चार प्रश्नों के और **समूह 'ख'** से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

समूह 'क'

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए:-
   क) मूल कर्तव्य क्या होते हैं - किन्हीं तीन की व्याख्या कीजिए। अनु. 51(क) *(6 अंक)*
   ख) संविधान की उद्देशिका *(6 अंक)*
   ग) वित्तीय आपात अनु. 360 *(6 अंक)*
   घ) प्रशासनिक अधिकरण *(7 अंक)*

2. क) भारत के उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता क्या है? किन्हीं दो की विस्तारपूर्वक व्याख्या कीजिए। *(15 अंक)*
   ख) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए क्या अर्हता है? *(10 अंक)*

3. क) राज्यपाल की वैवेकिक शक्तियां क्या हैं? *(10 अंक)*
   ख) राज्यपाल की नियुक्ति संबंधी शर्तें क्या हैं? राज्यपाल की उन्मुक्तियां क्या हैं? *(15 अंक)*

4. क) राज्य सभा की परिसंघीय विशेषताएं क्या हैं? *(10 अंक)*
   ख) भारत के राष्ट्रपति की कार्यपालिका शक्तियां क्या हैं? *(15 अंक)*

5. क) सामान्य विधेयक और धन विधेयक (अनु. 110) के बीच क्या अंतर होता है, संरचना के स्वरूप और संसद में पारित किए जाने की प्रक्रिया बताते हुए व्याख्या कीजिए। *(20 अंक)*
   ख) लेखा अनुदान क्या होता है? *(5 अंक)*

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिएः-
   - क) राष्ट्रपति का महाभियोग अनु. 61 *(7 अंक)*
   - ख) लोक लेखा समिति *(6 अंक)*
   - ग) नियंत्रक महालेखापरीक्षक *(6 अंक)*
   - घ) कटौती प्रस्ताव *(6 अंक)*

समूह 'ख'

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिएः-
   - क) सरकारी सम्पत्ति का बीमा *(6 अंक)*
   - ख) स्वीकृतियों का व्यपगत होना *(7 अंक)*
   - ग) अनुप्रयोज्य स्टाक *(6 अंक)*
   - घ) "नई सेवा" और "सेवा की नई लिखत" *(6 अंक)*

8. क) स्थायी अग्रिम क्या होते हैं और ऐसे अग्रिम किस प्रयोजन से दिए जाते हैं? *(15 अंक)*

   ख) सामान्य वित्तीय नियमावली में निर्दिष्ट वित्तीय औचित्य के मानक क्या हैं? *(10 अंक)*

9. क) व्यय को पूंजी और राजस्व के बीच आवंटित करने के सिद्धांत क्या हैं? *(10 अंक)*

   ख) अनुदान की पूरक मांगों के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं क्या हैं? *(15 अंक)*

10. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिएः-
    - क) कालातीत दावों पर कार्रवाई करने संबंधी प्रक्रिया *(6 अंक)*
    - ख) सहायता अनुदान *(7 अंक)*
    - ग) वार्षिक प्राप्तियां *(6 अंक)*
    - घ) व्यावसायिक सेवाओं के लिए अदायगी *(6 अंक)*